प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढाने पर दिया बल।
- झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया समाप्त, 43 सीटों के लिए एक हजार छह सौ नौ पर्चे भरे गये, सोमवार 28 अक्तूबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- चुनाव को देखते हुए प्रदेश भर में जांच अभियान तेज, अब तक 51 करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध समान और नगद बरामद, चुनाव आयोग ने घर–घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का काम किया शुरु।
- विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने पर सहमति।
- राजधानी रांची, सरायकेला, सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी चक्रवाती तूफान दाना का असर, मौसम विभाग ने 11 जिलों में बारिश का जारी किया अलर्ट।

***********************

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया है। आकाशवाणी से विशेष साक्षात्कार में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देश भर में जिला न्यायपालिका के लिए हुई परीक्षाओं में 50 प्रतिशत से अधिक भर्तियां महिलाओं की हुई हैं। यह साक्षात्कार आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन Air ऑफिशियल, वेबसाइट newsonair.gov.in और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

***********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार छह सौ नौ पर्चे भरे गए हैं। पहले चरण के लिए नामांकन भरने का काम कल संपन्न हो गया। पहले चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। इस महीने की 30 तारीख तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

***********************

इधर, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। वे जन समर्थन हासिल करने के लिए एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एनडीए के लिए समर्थन बढ़ रहा है और लोगों ने हेमंत सोरेन सरकार को हटाने का मन बना लिया है।

***********************

इधर, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्य में फिर से इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

***********************

पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने इस सिलसिले में नियुक्ति पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि रविन्द्र राय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

***********************

राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में आज पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से 24 बाइक जब्त की गयी है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इन बाइक का विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल किया जा सकता था। उधर, गढ़वा जिले के रंका थाना अंतर्गत गोदरमाना में एक बाइक से पुलिस को तीन लाख रूपये मिले हैं।

***********************

इस बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51 करोड़ 17 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकद जब्त किये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं।
श्री कुमार ने यह भी बताया कि आज से मतदाता पर्ची हर मतदाता तक पहुंचाने का कार्य शुरू हो गया है। 5 नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त रुप से ऑपरेशन चलाने पर सहमति बनी। बैठक के बाद डीजीपी श्री सिंह ने बताया कि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में मतदाता जागरुकता के लिए कई अनोखे प्रयोग किये जा रहे हैं।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

**********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के काशीटांड़, सीता कांटा एवं बनकटी गांव में छापामारी कर लिप्त छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

**********************

इधर, गिरिडीह जिले में पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर की रात को शहर के बस स्टैंड रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प पर धावा बोलकर कुछ अपराधियों ने पम्पकर्मियों से पांच हजार रूपये छिन लिये थे और पम्प के मालिक प्रमोद कुमार से रंगदारी की मांग थी। गिरफ्तार किये गये चारो अपराधी इस घटना में शामिल थे।

**********************

चक्रवाती तूफान दाना ओडिसा और पश्चिम बंगाल में कोई बड़ा नुकसान पहुंचाये बगैर ही कमजोर पड़ गया है। इधर, झारखंड में चक्रवात का असर अभी भी दिख रहा है। राज्य के सभी जिलों में बादल छाये हुए हैं। रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा समेत राज्य के कई हिस्सों में रिमझिम बारिश हो रही है। कई अन्य जिलों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 29 अक्तूबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इस बीच रांची से कोलकाता और भुवनेश्वर के लिए विमान सेवा फिर शुरु कर दी गयी है।

***********************